an>

Title: Hardships faced by the residents in Central Coal Fields Limited, Ranchi.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अपने लोकसभा क्षेत्र के सीसीएल एरिया खिलारीराय के आवासीय परिसर क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों की समस्याओं की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। ...(व्यवधान) इस क्षेत्र से सरकार को करोड़ों रुपए की राजस्व प्राप्ति होती है लेकिन इस क्षेत्र में स्टाफ क्वार्टर, स्कूल, सड़क नालियों की स्थिति काफी जर्जर होती जा रही है। इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अब तक कोई मरम्मत करवाने का आदेश नहीं दिया जा रहा है। इस कारण आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।...(व्यवधान) सीसीएल द्वारा जो स्कूल चलाया जा रहा है, पिछले कई वर्षों से वहां शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण शिक्षकों की कमी हो गई है जबकि पुराने शिक्षक रिटायर होते जा रहे हैं। इस कारण स्कूल में बच्चों को पढ़ाई करने में कठिनाई हो रही है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त वर्णित सीसीएल एरिया में निवास कर रहे लोगों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री राम टहल चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।